कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)

// महत्वपूर्ण सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) द्वारा **अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित भृत्य के कुल–03 पदों(नियमित)** पर सीधी भर्ती हेतु **कुल 1,411** पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कार्यक्रम नियत किया जाकर, साक्षात्कार कार्यक्रम भी शासकीय वेबसाईट पर अपलोड किया जा चुका है ।

उल्लेखनीय है कि भृत्य के कुल 03 नियमित पद, **अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए ही आरक्षित हैं,** ऐसी स्थिति में अंतिम पात्र सूची के अनुसार, साक्षात्कार हेतु पात्र पाये गये कुल 1,411 अभ्यर्थियों में से, वे सभी अभ्यर्थी जो **अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित नहीं हैं, स्वयमेव अपात्र हैं ।** चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से, पूर्व में जारी अंतिम पात्र सूची में सम्मिलित कुल 1,411 अभ्यर्थियों में, अनुसूचित जनजाति वर्ग के अतिरिक्त सम्मिलित **शेष अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को वर्तमान में अपात्र घोषित किया गया है ।**

अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को छोड़कर, शेष अन्य वर्ग यथा–**अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य/अनारक्षित वर्ग(SC, OBC & Unreserved Category) के अभ्यर्थियों को दिनांक 01.07.2024 से 07.07.2024 तक आयोजित साक्षात्कार में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है ।**

केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के ही अभ्यर्थी उनके अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित साक्षात्कार दिनांक को उपस्थित होवें ।

स्थान– जशपुर ।
दिनांक–29.06.2024

सही/–
(शैलेश अच्युत पटवर्धन)
अध्यक्ष, चयन समिति
कार्या. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)